>

Title: Need to extend Uttar Banga Express running between Sealdah and New Cooch Behar upto Dinhata in West Bengal.

श्री नृपेन्द्र नाथ राय (कूच बिहार): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। इस बार के रेल बजट से इलाके नागौरी में बहुत हताशा है। मेरा निर्वाचन क्षेत्र कूच बिहार है, इसका सबसे बड़ा सब-डिवीजन दिनहाटा है। यहां सात लाख आबादी है। इस इलाके के लोगों को आशा थी कि इस बजट में दिनहाटा में कोई नई ट्रेन मिलेगी। माननीय रेल मंत्री ने जब बजट पेश किया तो दिनहाटा के बारे में कुछ एलान नहीं किया जबकि दिनहाटा के लोगों को बहुत दिनों से आशा थी। ट्रेन नं. 3147 उत्तर बंग एक्सप्रेस कूच बिहार जाती है। कूच बिहार से ट्रेन नं. 3148 उत्तर बंग से सिआलदाह आती है। इस तरह से कूच बिहार से ही आना जाना पड़ता है जबकि यह ट्रेन दिनहाटा तक नहीं जाती है। हमारा इलाका कृषि प्रधान है। कूच बिहार का सबसे बड़ा सब-डिवीजन दिनहाटा है। हमारी मांग है कि ट्रेन नं. 3147 और 3148 कूच बिहार से दिनहाटा-बामूनट से सिआलदाह अप डाउन करे ताकि दिनहाटा के लोगों को कोलकाता से कनैक्शन मिले क्योंकि यहां के लिए कोई ट्रेन नहीं है। आपके माध्यम से मेरी रेल मंत्री जी से मांग है कि इस बजट में उत्तरी बंग ट्रेन दिनहाटा तक बढ़ाई जाए या एक नई ट्रेन दिनहाटा तक चालू की जाए।